# EXERCISE # 1

**Q.1** निम्न के अनुपात ज्ञात करो :

(i) 60 पैसे : 3 रूपये (ii) 2 m 7 cm : 36 cm

(iii) 2 वर्ष : 10 माह (iv) 3 kg 250 g : 5 kg

(v) 12 cm : $\frac{3}{2}$ cm (vi) 65 g : 1 kg

(vii) 75 पैसे : ₹ 3 (viii) 50 m$l$ : 1 $l$

**Q.2** निम्न को सरलतम रूप में व्यक्त करो :

(i) 28 : 80 (ii) $\frac{1}{10}$ : $\frac{1}{15}$

(iii) 80 : 480 (iv) $1\frac{1}{2} : 3 : 4\frac{1}{2}$

(v) $\frac{1}{6} : \frac{1}{8} : \frac{1}{12}$ (vi) $2\frac{2}{3} : \frac{8}{7}$

**Q.3** कौनसा अनुपात बड़ा है ?

(i) (3 : 7) या (4 : 9)

(ii) (5 : 8) या (6 : 17)

(iii) (3 : 4) या (2 : 3)

**Q.4** प्रदर्शित करो कि 7, 6, 49, 36 समानुपात में नहीं है।

**Q.5** क्या निम्नलिखित समानुपात में है ?

(i) 45, 60, 30, 40

(ii) 84, 42, 44, 22

(iii) 43, 55, 65, 170

(iv) 450, 400, 350, 300

**Q.6** 20 kg दूध का खर्च ₹ 500 है। 59 kg दूध का खर्च ज्ञात करो।

**Q.7** एक बस 440 km दूरी 8 घंटे में तय करती है

(i) 385 km दूरी यह कितने समय में तय करेगी ?

(ii) $6\frac{1}{2}$ घंटे में यह कितनी दूरी तय करेगी ?

**Q.8** एक समानुपात का प्रथम, द्वितीय तथा चतुर्थ पद 141, 75 तथा 25 है। इसका तृतीय पद ज्ञात करो।

**Q.9** श्रेयस एक कारखानें में काम करता है तथा ₹ 1500 प्रति माह कमाता है। वह अपनी कमाई में से ₹ 250 प्रति माह बचाता है। निम्न के अनुपात ज्ञात करो :

(i) उसकी बचत का उसकी कमाई से

(ii) उसकी कमाई का उसके खर्च से

(iii) उसकी बचत का उसके खर्च से

**Q.10** x का मान ज्ञात करो जिसके लिए निम्नलिखित समानुपात में हो :

(i) 16 : 8 :: 7 : x

(ii) 36 : 45 :: 16 : 2x

**Q.11** निम्न प्रश्नों में अपना उत्तर सरलतम रूप में दीजिए :

(i) एक विवाहित जोड़ा 4 पोते तथा 6 पोतियां रखता है।

(a) पोतों की संख्या का पोतियों की संख्या से अनुपात

(b) पोतियों की संख्या का सभी पोतों–पोतियो की संख्या से अनुपात

(ii) वर्ग A की भुजा 6 cm है तथा वर्ग B की भुजा 12 cm है। निम्न के अनुपात ज्ञात करो :

(a) वर्ग A की भुजा की लम्बाई का वर्ग B की भुजा की लम्बाई से

(b) वर्ग B के परिमाप का वर्ग A के परिमाप से

(c) वर्ग A के क्षेत्रफल का वर्ग B के क्षेत्रफल से

(d) क्या तुम वर्ग A के क्षेत्रफल का वर्ग B के परिमाप से अनुपात ज्ञात कर सकते हो ? यदि नहीं, अपने उत्तर का औचित्य दीजिए।

**Q.12** यदि p : q = 2 : 3 तो अनुपात 6p : 2q ज्ञात करो।

**Q.13** एक त्रिभुज की भुजाऐं क्रमशः 4.2 cm, 4.9 cm तथा 6.3 cm है। भुजाओं की लम्बाईयों का एक दूसरे से अनुपात ज्ञात करो।

**Q.14** एक त्रिभुज के दो कोण $54^o$ तथा $72^o$ है। तीसरे कोण के माप का पहले दो कोणों के योग से अनुपात ज्ञात करो।

**Q.15** लुप्त संख्याऐं ज्ञात करो :

(i) □ : 6 = 12 : 18

(ii) 9 : 6 = □ : 4

(iii) $\frac{6}{8} = \frac{\square}{12}$

**Q.16** निम्नलिखित में अज्ञात चर को ज्ञात करो :

(i) $\frac{x}{4} = \frac{7}{20}$ (ii) x : 5 = 4 : 3

(iii) 5 : 1 = 3 : x (iv) 3 : x = 2 : 5

**Q.17** निम्नलिखित प्रतिशतों को भिन्नों के लघुत्तम पदों में तथा दशमलव भिन्न में व्यक्त करो।

| क्रमांक | प्रतिशत | लघुत्तम पदों में भिन्न | अनुपात | *दशमलव भिन्न* |
|---|---|---|---|---|
| i | 20% | | | |
| ii | 45% | | | |
| iii | 37% | | | |
| iv | $87\frac{1}{2}\%$ | | | |
| v | $62\frac{1}{2}\%$ | | | |
| *vi* | *125%* | | | |

**Q.18** एक वर्ष पहले एक बाईक का मूल्य ₹ 40,000 था, अब मूल्य ₹ 30,000 है। प्रतिशत कमी ज्ञात करो।

**Q.19** 100 कर्मचारियों की एक कम्पनी में एक दिन 20 कर्मचारी अनुपस्थित थे। उस दिन कितने प्रतिशत कर्मचारी उपस्थित थे ?

**Q.20** यदि 420 का x%, 63 है तो x का मान ज्ञात करो।

**Q.21** कानु 600 में से 450 अंक प्राप्त करता है। इसको प्रतिशत के रूप में व्यक्त करो।

**Q.22** यदि $88\frac{1}{2}\%$ परिवारों के पास टेलिविजन सेट है। कितने प्रतिशत के पास नही है ?

**Q.23** सन्तरों के एक बॉक्स में 8% सड़े हुए है। कितने प्रतिशत अच्छे है ?

**Q.24** एक चालक टेस्ट में प्रथम बार में 15% लोग असफल हो गये। प्रथम बार में कितने प्रतिशत लोग सफल हुए?

**Q.25** एक टीम उनके मैचों के 65% जीती तथा 24% ड्रा किये। वे कितने प्रतिशत मैच हारे ?

**Q.26** एक फुटबॉल टीम ने 15% मैच ड्रा किये तथा 25% हारे। वे कितने प्रतिशत मैच जीती ?

**Q.27** एक मिश्र धातु 25% जस्ता, 30% ताँबा तथा शेष निकल से बनी है। निकल का प्रतिशत ज्ञात करो।

**Q.28** एक अन्तिम वर्ष परीक्षा में अमन 600 में से 378 अंक प्राप्त करता है। उसके प्रतिशत अंक क्या है ?

**Q.29** एक गाने–बजाने वाली मण्डली में 120 में से 70 लोग तमाशा दिखाते है। कितने प्रतिशत लोग ऐसा नहीं करते ?

**Q.30** प्रत्येक सप्ताह एक लड़का उसके द्वारा कमाये ₹ 250 में से ₹ 45 बचाता है। कमाई का कितने प्रतिशत वह खर्च नही करता है ?

**Q.31** एक सेक्रेटरी डाक विभाग में डालने के लिए 92 पत्र लेती है जिसमें से 29 रजिस्टर्ड तथा शेष साधारण मेल है। कितने प्रतिशत साधारण मेल से गए ?

**Q.32** अर्पित ने अपने आखिरी गणित की परीक्षा में 40 में से 35 अंक प्राप्त किये। उसके प्रतिशत अंक क्या थे ?

**Q.33** यदि एक क्रिकेट मैच में 75,000 की भीड़ में से 9% महिलाए थी, तो कितनी महिलाऐं मैच में उपस्थित थी?

**Q.34** एक गैरेज में बेचने के लिए रखी 30 में से 16 कारें पुरानी है। कितनी प्रतिशत कारें :

(i) नई है ? (ii) पुरानी है ?

**Q.35** एक गाँव में 125 घर है तथा 72% एक टेलीविजन रखते है। कितने घर :

(i) टेलीविजन रखते है ?

(ii) टेलीविजन नहीं रखते है ?

**Q.36** एक गली में 120 दुकान है जिनमें से 30% खाना बेचती है। कितनी दुकानें खाना नहीं बेचती ?

**Q.37** गणित की एक पुस्तक में 320 पृष्ठ है जिनमें से 40% पर बीजगणित, 25% पर ज्यामिती तथा शेष पर अंकगणित है। अंक गणित के कितने पृष्ठ है ?

**Q.38** एक व्यक्ति उसकी मासिक आय का 92% खर्च करता है। यदि वह ₹ 220 प्रति माह बचाता है तो उसकी कुल मासिक आय ज्ञात करो।

**Q.39** जुगल को 24 पृष्ठ लिखने थे। शाम तक उसने 25% कार्य पूर्ण कर लिया। कितने पृष्ठ शेष रहे ?

**Q.40** एक बॉक्स में 60 अण्ड़े है जिनमें से $16\frac{2}{3}\%$ अण्डे खराब हो गये। कितने अण्डे खराब हुए ?

**Q.41** मि. वीरमणि अपने वेतन का 12% बचाते है। यदि वह वेतन के रूप में प्रति माह ₹ 15,900 प्राप्त करते है, तो उनका मासिक खर्च ज्ञात करो।

**Q.42** एक वकील ₹ 2,50,000 को उसके 3 पुत्रों में 30%, 45% तथा 25% भागों में बाँटता है। उनमें से प्रत्येक ने कितना प्राप्त किया ?

**Q.43** राजधानी महाविद्यालय में 2,400 विद्यार्थी है जिनमें से 40% लड़कियाँ है। महाविद्यालय में कितने लड़के है ?

**Q.44** अमर एक परीक्षा में 500 में से 410 अंक प्राप्त करता है जबकि उसका मित्र राजीव 600 में से 536 अंक प्राप्त करता है। ज्ञात कीजिए कि किसका प्रदर्शन अच्छा है।

**Q.45** एक फलवाटिका में $16\frac{2}{3}\%$ वृक्ष सेब के है। यदि फलवाटिका में वृक्षों की संख्या 240 है, तो फलवाटिका में अन्य प्रकार के वृक्षों की संख्या ज्ञात करो।

**Q.46** एक कोयला खनन के कुल उत्पादन 50400 टन में से 5040 टन मात्रा कोयला निकालने में नष्ट हो गई। कुल उत्पादन का कितना प्रतिशत कुल कोयला निकाला गया ?

**Q.47** एक ड्रम में 250 लीटर मिट्टी का तेल है। रिसाव के कारण 5 लीटर तेल नष्ट हो गया। ड्रम में बचा हुआ मिट्टी का तेल कितना प्रतिशत है ?

**Q.48** एक फुटबाल टीम ने 16 मैच खेले। टीम ने 6 मैच जीते एवं 2 हारे तथा 8 मैंच ड्रा हो गये। कितने प्रतिशत मैंच टीम ने
(i) जीते ?   (ii) हारे ?

# ANSWER KEY

**1.** (i) 1 : 5 (ii) 23 : 4 (iii) 12 : 5 (iv) 13 : 20
(v) 8 : 1 (vi) 13 : 200 (vii) 1 : 4 (viii) 1 : 20

**2.** (i) 7 : 20 (ii) 3 : 2 (iii) 1 : 6 (iv) 1 : 2 : 3 (v) 4 : 3 : 2 (vi) 7 : 3

**3.** (i) 4 : 9 (ii) 5 : 8 (iii) 3 : 4

**5.** (i) हाँ (ii) हाँ (iii) नहीं (iv) नहीं

**6.** ₹ 1475 **7.** (i) 7 hrs (ii) 357.5 km **8.** 47

**9.** (i) 1 : 6 (ii) 6 : 5 (iii) 1 : 5 **10.** (i) 3.5 (ii) 10

**11.** (i) (a) 2 : 3 (b) 3 : 5
(ii) (a) 1 : 2 (b) 2 : 1 (c) 1 : 4 (d) नहीं, क्योंकि दोनों राशियाँ समान इकाई में नही है।

**12.** 2 : 1 **13.** 6 : 7 : 9 **14.** 3 : 7 **15.** (i) 4 (ii) 6 (iii) 9

**16.** (i) $\frac{7}{5}$ (ii) $\frac{20}{3}$ (iii) $\frac{3}{5}$ (iv) $\frac{15}{2}$

**17.**

| लघुत्तम पदों में भिन्न | $\frac{1}{5}$ | $\frac{9}{20}$ | $\frac{37}{100}$ | $\frac{7}{8}$ | $\frac{5}{8}$ | $\frac{5}{4}$ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अनुपात | 1 : 5 | 9 : 20 | 37 : 100 | 7 : 8 | 5 : 8 | *5 : 4* |
| *दशमलव भिन्न* | *0.2* | *0.45* | *0.37* | *0.875* | *0.625* | *1.25* |

**18.** 25% **19.** 80% **20.** 15 **21.** 75% **22.** $11\frac{1}{2}$% **23.** 92%

**24.** 85% **25.** 11% **26.** 60% **27.** 45% **28.** 63% **29.** 41.67%

**30.** 18% **31.** 68.48% **32.** 87.5% **33.** 6750 **34.** (i) 46.67% (ii) 53.33%

**35.**(i) 90 (ii) 35 **36.** 84 **37.** 112 **38.** ₹ 2750 **39.** 18

**40.** 10 **41.** ₹ 13992 **42.** ₹ 75000, ₹ 112500, ₹ 62500

**43.** 1440 **44.** Rajiv **45.** 200 **46.** 90% **47.** 98%

**48.** (i) 37.5% (ii) 12.5%

# EXERCISE # 2

**Q.1** नूरी का वजन उसके पन्द्रहवें एवं सौलहवें जन्मदिन के मध्य 15% बढ़ गया। यदि पन्द्रहवें जन्मदिन पर उसका वजन 65 kg था, तो सौलहवें जन्मदिन पर उसका वजन कितना हो गया?

**Q.2** इस वर्ष मेरे घर के पानी की कीमत पिछले वर्ष से 15% अधिक है। पिछले वर्ष मैंनें ₹ 3250 का भुगतान किया। इस वर्ष मैं कितना भुगतान करूँगा?

**Q.3** एक स्कूल में 80 अध्यापक है। यह आशांवित है कि अगले वर्ष अध्यापन स्टाफ 5% बढ़ जायेगा। अगले वर्ष कितने स्टाफ सदस्य हो जायेंगे?

**Q.4** नौकरो के एक कमरे का किराया ₹ 5000 + 15% मूल्य सर्वधन कर (VAT) है। नौकर वास्तव में कितना व्यय करेंगे।

**Q.5** एक भोजन का खर्च ₹ 150 + 12.5% सेवाकर है भोजन के लिए मुझे कितना भुगतान करना होगा ?

**Q.6** एक अच्छी गुणवक्ता के फर्टिलाइजर के उपयोग के परिणामस्वरूप मेरे आलूओं की उपज पिछले वर्ष की तुलना में 20% बढ़ गई। यदि पिछले वर्ष मेरे 250 kg आलू उत्पन्न हुए, तो इस वर्ष मेरे कितने kg आलू उत्पन्न हुए।

**Q.7** पिछले वर्ष एक स्कूल में चेचक के 75 केसों का विवरण दिया गया। इस वर्ष विवरण केसों में 16% कमी हो गई। इस वर्ष कितने केसों का विवरण दिया गया।

**Q.8** एक कार की कीमत ₹ 5,25,000 है। पहले वर्ष में इसकी कीमत 20% कम हो गई तथा इसके बाद प्रत्येक वर्ष उस वर्ष के शुरू में कीमत की 15% कम हो गई। इसकी कीमत ज्ञात कीजिए

(i) 2 वर्षो के बाद

(ii) 3 वर्षो के बाद

**Q.9** किसी भी वर्ष में एक मोटरसाईकिल के मूल्य में उस वर्ष के शुरू में मूल्य की 10% की कमी होती है। दो वर्षो के बाद इसका मूल्य क्या होगा, यदि खरीद मूल्य ₹ 45,000 था?

**Q.10** जब पेट्रोल का मूल्य ₹ 45 प्रति लीटर था तो मैं एक वर्ष में 500 लीटर उपभोग करता था। पेट्रोल की कीमत 20% बढ़ गई अतः मैंने मेरा वार्षिक उपभोग 20% कम कर दिया। ज्ञात करो

(i) एक लीटर पेट्रोल का नया मूल्य

(ii) मेरा घटा हुआ वार्षिक पेट्रोल उपभोग

(iii) वर्ष में मेरा पेट्रोल बिल कितना अधिक (या कम) हुआ।

**Q.11** एक रेलगाड़ी की रफ्तार 120 km/hr है। यह 10% बढ़ गई। रफ्तार में वृद्धि ज्ञात करो। इसकी नई रफ्तार भी ज्ञात करो।

**Q.12** एक निश्चित वस्तु के उत्पाद शुल्क में ₹ 3486 से ₹ 5229 तक कमी हो गई है। उस वस्तु के लिए उत्पाद शुल्क में प्रतिशत कमी ज्ञात करो।

**Q.13** एक पंसारी ₹ 15.50 प्रति kg की दर से आलू बेचता है। यदि उसने ₹ 14.20 प्रति kg की दर से आलू खरीदे हो, तो लाभ या हानि की राशि ज्ञात करो।

**Q.14** एक दुकानदार ने ₹ 30 प्रति kg की दर से सेब बेचे। यदि दुकानदार को ₹ 5.50 प्रति kg की हानि हुई तो 1 kg सेब का क्रय मूल्य क्या था ?

**Q.15** एक वस्त्र व्यापारी एक पुराने स्टॉक को ₹ 85,550 में बेच देता है। यदि वह ₹ 15,000 की हानि उठाता है, तो उसके स्टॉक का मूल्य क्या था ?

**Q.16** राजू एक साईकिल ₹ 2200 में खरीदता है तथा इसकी मरम्मत पर ₹ 50 खर्च करता है। यदि वह इसे ₹ 220 के लाभ पर बेचना चाहता है। साईकिल का विक्रय मूल्य क्या होगा?

**Q.17** एक दूध विक्रेता ₹ 825 में कुछ लीटर दूध बेचकर ₹ 75 का लाभ कमाता है। दूध का खर्चा ज्ञात करो।

**Q.18** एक किसान ने ₹ 3520 में एक गाय खरीदी। गाय को घर लाने में उसने ₹ 250 खर्च कर दिये। उसने इसे ₹ 275 की हानि से बेच दिया। इसका विक्रय मूल्य ज्ञात करो।

**Q.19** एक आदमी ने ₹2 प्रति अण्ड़े के हिसाब से अण्डे खरीदे। यदि वह उन्हें ₹25 प्रति दर्जन के हिसाब से बेचता है, तो एक दर्जन अण्डे बेचने पर उसकी हानि या लाभ ज्ञात करो।

**Q.20** एक कम्प्यूटर कम्पनी ₹65,550 में कम्प्यूटर का निर्माण करती है। पैक करने का खर्च ₹520 प्रति कम्प्यूटर है। यदि कम्पनी उन्हें ₹450 प्रति कम्प्यूटर के लाभ पर बेचती है, तो प्रत्येक कम्प्यूटर का विक्रय मूल्य क्या था ?

**Q.21** एक किसान ने 100 मुर्गिया ₹4000 में खरीदकर उनमें से 20 मुर्गियो को 5% लाभ से बेच दिया। अब उसे शेष मुर्गियों को किस लाभ % पर बेचना होगा ताकि वह सम्पूर्ण 20% लाभ प्राप्त करें ?

**Q.22** एक बाल्टी को ₹24 में बेचने से एक व्यक्ति को 20% हानि होती है। यदि वह इसे ₹27 में बेचे तो उसका लाभ या हानि ज्ञात करो ?

**Q.23** एक वस्तु 10% लाभ से बेची गई है। यदि इसे ₹30 अधिक में बेचा होता, तो 25% लाभ होता, तो क्रय मूल्य ज्ञात करो।

**Q.24** रमेश ने एक घर ₹4,52,000 में खरीदा तथा ₹28000 इसकी मरम्मत में खर्च कर दिये। उसने इसे ₹4,68,000 में बेच दिया। उसका लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात करो।

**Q.25** एक कुर्सी को ₹160 में बेचने पर एक बढ़ई को 20% की हानि होती है। इसे ₹170 में बेचने पर उसे कितना प्रतिशत लाभ या हानि होगी ?

**Q.26** मि० सिद्धार्थ ने दो साईकिलों को प्रत्येक को ₹924 में बेचा। एक पर उसे 20% लाभ तथा दूसरे पर उसे 20% हानि हुई। सम्पूर्ण व्यापार में उसे कितना लाभ अथवा हानि हुई ?

**Q.27** यदि 4 वस्तुओं का विक्रय मूल्य 5 वस्तुओं के क्रय मूल्य के बराबर है, तो लाभ % ज्ञात करो।

**Q.28** 20 सन्तरों को बेचने से एक फल विक्रेता को संतरो के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ होता है। उसका लाभ% ज्ञात करो।

**Q.29** एक ट्राईसाईकिल 15% लाभ से बेची गई। यदि इसे ₹27 अधिक में बेचा गया होता, तो 20% लाभ होता। इसका क्रय मूल्य ज्ञात करो।

**Q.30** मि० शाह ने एक सोफा 15% लाभ से बेचा। यदि वह इसे ₹340 कम में बेचते तो इन्हें 2% हानि होती। किस मूल्य पर मि० शाह ने इसे खरीदा था ?

**Q.31** पारो ने दो छत के पंखे ₹1000 प्रति पंखे के हिसाब से खरीदे। उनमें से एक उसने 10% हानि से बेच दिया। पूरे व्यापार में 20% लाभ कमाने के लिए उसे दूसरा पंखा कितने में बेचना होगा ?

**Q.32** 10% प्रति वर्ष की सरल ब्याज दर पर 5 वर्ष में ₹150 ब्याज प्राप्त करने के लिए कितना धन उधार देना होगा ?

**Q.33** ₹8500 का 12th अक्टूबर, 1999 से 6th मार्च, 2000 तक 15% प्रति वर्ष की दर से सरल ब्याज ज्ञात करो।

**Q.34** ₹3285 का 11 मई, 1999 से 11 सिम्बर, 1999 तक 10% वार्षिक ब्याज दर से सरल ब्याज ज्ञात करो।

**Q.35** स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के द्वारा जारी प्रमाण पत्र खरीदने के लिए जीवन अपने बैंक में ₹2500 जमा कराता है। दुर्भाग्य से, प्रमाण के लिए उसका प्रार्थना पत्र खारिज हो गया। फिर भी उसका धन मार्च 28, 1988 को वापस लौटा दिया गया। उसे अपने धन पर 8% प्रति वर्ष की दर से जनवरी 15, 1988 से शुरू हुई समयावधि के लिए ब्याज का भुगतान किया गया। वह कुल कितना धन वापस प्राप्त करता है ?

**Q.36** रोजी एवं मिथू फर्म में धन निवेश करने पर तुम 18% प्रति वर्ष की दर से ब्याज प्राप्त कर सकते हो। 6 वर्ष के बाद तुम कितनी राशि प्राप्त करोगे यदि तुमने अभी ₹10000 फर्म में निवेश किये तथा ₹5000 तीन वर्ष बाद निवेश किये ?

**Q.37** 6.25% प्रति वर्ष की दर से 8 माह में ₹37.50 सरल ब्याज प्राप्त करने के लिए कितना धन उधार देना होगा ?

**Q.38** मोहन 12% प्रति वर्ष की दर से कुछ धन उधार लेता है। 2 वर्ष एवं 4 माह बाद वह ₹168 ब्याज के अदा करता है। उसने कितना धन उधार लिया था?

**Q.39** मैनें कुछ धन 8% वार्षिक ब्याज दर पर उधार लिये। 3 वर्ष एवं एक माह के बाद मैने ब्याज के ₹138.75 चुकाये। मैने कितना धन उधार लिया था ?

**Q.40** कितने समय में ₹800 का 12.5% वार्षिक दर से सरल ब्याज ₹125 हो जायेगा ?

**Q.41** कितने समय में एक धन $13\frac{1}{3}\%$ सरल ब्याज दर से स्वयं का तिगुना हो जायेगा ?

# ANSWER KEY

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** 74.75 kg | **2.** ₹ 3737.50 | **3.** 84 | **4.** ₹ 5750 | **5.** ₹ 168.75 | **6.** 300 kg | |
| **7.** 63 | **8.** (i) ₹ 357000 | (ii) ₹ 303450 | **9.** ₹ 36450 | **10.** (i) ₹ 54 | (ii) 400 | (iii) कम ₹ 900 |
| **11.** 12 km/h, 132 km/h | | **12.** 33.33% | **13.** लाभ ₹ 1.30 | **14.** ₹ 35.50 | **15.** ₹ 100550 | **16.** 2470 |
| **17.** ₹ 750 | **18.** ₹ 3495 | **19.** लाभ ₹ 1 | **20.** ₹ 66520 | **21.** 23.75% | **22.** हानि ₹ 3 | **23.** ₹ 200 |
| **24.** हानि $\frac{5}{2}$% | **25.** हानि 15% | **26.** हानि 4% | **27.** लाभ 25% | **28.** 25% | **29.** ₹ 540 | **30.** ₹ 2000 |
| **31.** ₹ 1500 | **32.** ₹ 300 | **33.** ₹ 510 | **34.** ₹ 123 | **35.** ₹ 2540 | **36.** ₹ 28500 | **37.** ₹ 900 |
| **38.** ₹ 600 | **39.** ₹ 562.50 | **40.** $1\frac{1}{4}$ वर्ष | **41.** 15 वर्ष | | | |

EduBull